**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**<u>सौराष्ट्र क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए हीरासर (राजकोट) में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा</u>**

**नई दिल्ली, 04 जनवरी, 2023:** गुजरात राज्य में चौथे सबसे बड़े नगर की बढ़ती आबादी और इस क्षेत्र में हवाई यातायात के बढ़ते प्रवाह को पूरा करने के लिए, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने गुजरात में नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे, राजकोट के निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया है। 1405 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के साथ, नए हवाई अड्डे को राज्य से विदेश यात्रा करने वाले लोगों के लिए एक परिवहन केंद्र बनाने की संकल्पना की गई है।

यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं और संसाधनों के साथ 1,025 हेक्टेयर में फैला एक नया ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा विकसित किया गया है । नया हवाई अड्डा राजकोट शहर से लगभग 30 किलोमीटर और राजकोट-अहमदाबाद राजमार्ग पर स्थित है। 23,000 वर्गमीटर के कुल निर्मित क्षेत्र के साथ, इस नए हवाईअड्डे का टर्मिनल भवन व्यस्ततम समय में 1800 यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा।

हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं, चार यात्री बोर्डिंग ब्रिज, तीन कन्वेयर बेल्ट और 20 चेक-इन काउंटरों के साथ-साथ आधुनिक अग्निशमन और फायर अलार्म सिस्टम से सुसज्जित होगा। 3040 मीटर लंबे रनवे के साथ, हवाईअड्डा एयरबस-321 प्रकार के विमानों को संभालने में सक्षम होगा और एप्रन 14 विमानों की पार्किंग के लिए उपयुक्त होगा। भूसौंदर्यीकरण (लैंडस्केपिंग) के साथ-साथ कार, टैक्सी और बसों के लिए पर्याप्त पार्किंग सुविधाओं के लिए हवाई अड्डे के सिटी साइड के क्षेत्र को भी विकसित किया जा रहा है ।

टर्मिनल भवन के अग्रभाग का अभिकल्प राजकोट में विद्यमान रंजीत विलास महल जैसे महलों से प्रभावित है जिसमें पारंपरिक तत्वों को समकालीन रूप में एकीकृत किया गया है। टर्मिनल भवन में डांडिया नृत्य सहित कला के विभिन्न रूपों को गत्यात्मक बाहरी अग्रभाग और शानदार आंतरिक सज्जा के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा । राजकोट अपने स्वर्ण आभूषण और जरदोजी के कार्य के लिए प्रसिद्ध है जिसकी झलक सिटी साइड कर्ब के ड्रॉप-ऑफ क्षेत्र में बाहरी पैनल के कार्य में है ।

रनवे और फुटपाथ संबंधी अन्य कार्यों के साथ-साथ भूमि संबंधी 95% से अधिक काम पूरा हो चुका है। टर्मिनल भवन के निर्माण का कार्य जारी है और हवाईअड्डा दिसंबर, 2023 तक प्रचालन हेतु तैयार हो जाएगा।

राजकोट अपने लघु और भारी उद्योगों के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह शहर आपूर्ति की जटिल श्रृंखलाओं में वैश्विक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसके तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है। राजकोट-अहमदाबाद राजमार्ग पर स्थित होने के कारण यह हवाई अड्डा क्षेत्र के अनेक उद्योगों के लिए माल परिवहन से संबंधित समय और लागत को कम करेगा। बढ़ी हुई हवाई कनेक्टिविटी से औद्योगिक विकास में तेजी आएगी तथा इसके बदले में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

राजकोट के प्राचीन शहर को आधुनिक बनाने तथा उसका सौन्दर्यीकरण करने की योजना पर पहले से ही कार्य चल रहा है और ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण सहित अवसंरचना के विकास संबंधी सभी परियोजनाओं से स्थानीय व्यापारिक घरानों को देश में आर्थिक संपत्ति जोड़ने हेतु प्रोत्साहन प्राप्त होगा ।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (निगमित संचार)
011- 24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 34/2022-23

राजकोट हवाई अड्डा

परिप्रेक्ष्य अभिकल्प-1

परिप्रेक्ष्य अभिकल्प -2

एप्रन

रनवे 05

\